दिन–बुधवार दिनांक– 12 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **संजीव कुमार वर्मा** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. चौदह नवम्बर को होने वाली मतगणना के लिए सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। राज्यभर में छियालीस स्थानों पर बनाये गये मतगणना केन्द्र।

02 एनडीए तथा महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।

03. विधानसभा चुनाव में इस बार पुरूषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। इकहत्तर दशमलव छह प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग।

04. और, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो पर ऐतिहासिक संबोधन की याद में आज मनाया जा रहा है लोक सेवा प्रसारण दिवस।

---

विधानसभा चुनाव के लिए चौदह नवम्बर को मतगणना होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। मतदान समाप्त होने के बाद मतदान में प्रयुक्त ईवीएम और वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। आयोग ने कहा कि मतगणना के दिन स्ट्रांग रूम को प्रत्याशियों या उनके एजेंटों और केन्द्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में वीडियागग्रफी कराते हुये खोला जायेगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

मतगणना के लिए पटना समेत राज्य के विभिन्न जिलों में छियालीस स्थानों पर मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों के पास स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में तीन चक्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकरी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम की सीसीटीवी कैमरे के जरिये निगरानी की जा रही है। इन स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके मतगणना अभिकर्ताओं के भी रहने के इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

---

विधानसभा चुनाव की समाप्ति के बाद एनडीए और महागठबंधन ने बहुमत हासिल करने का दावा किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि मतदाताओं ने एनडीए को एक बार फिर सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है।

–––बाईट–––

जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि चौदह नवम्बर को प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष और मंत्री संतोष कुमार सुमन ने दावा किया कि एनडीए को विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत मिलने जा रही है।

———बाईट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि लोगों का जो रूझान दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि एनडीए की एक बार फिर से वापसी होने जा रही है।

———बाईट———

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया कि इस बार राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारी मतदान दिखाता है कि लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया है।

———बाईट———

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार के लोगों ने इस बार परिवर्तन के लिए मतदान किया है और महागठबंधन को भारी बहुमत मिलने जा रहा है।

———बाईट———

जन शक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव ने कहा कि सभी को चौदह नवम्बर का इंतजार करना चाहिए।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनावों में अधिकांश एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। कई निजी समाचार चैनलों और एजेंसियों के सर्वेक्षणों में अनुमान व्यक्त किया गया है कि एनडीए गठबंधन बिहार विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर जाएगा। सर्वेक्षणों के अनुसार एनडीए को लगभग एक सौ तीस से एक सौ अड़तीस सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि महागठबंधन को लगभग सौ से एक सै आठ सीटें मिल सकती हैं। जन सुराज पार्टी और अन्य छोटे दलों को शून्य से पांच सीटें तक मिलने का अनुमान है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों में किसी भी पोलिंग बूथ पर पुर्नमतदान की सिफारिश नहीं की गयी है। यह बिहार के

लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार है जब किसी भी बूथ पर दोबारा मतदान नहीं होगा।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार मतदाताओं ने नया कीर्तिमान बनाते हुए पिछले सभी चुनावों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए हुये चुनाव के दोनों चरणों में रिकॉर्ड छियासठ दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में वर्ष उन्नीस सौ इक्यावन के बाद से हुए सभी चुनावों में सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत इस बार दर्ज किया गया।

———बाईअ———

हमारे संवाददाता ने बताया कि वर्ष दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार नौ दशमलव आठ एक प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। महिला मतदाताओं ने मतदान में बढ–चढ कर हिस्सा लिया।

———बाईट———

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने इतिहास रच दिया है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मतदाताओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया जिससे, बिहार के चुनावी इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। पहले चरण में जहां 65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, वहीं दूसरे चरण में करीब 69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा पहली बार बिहार के इतिहास का सबसे अधिक महिला मतदान प्रतिशत भी दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं की भागीदारी 62 दशमलव 8 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं की भागीदारी रिकॉर्ड 71 दशमलव 6 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग के अनुसार, दोनों चरणों में कहीं से भी हिंसा की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई और मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुआ। इसके अलावा पहली बार छह देशों–दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलीपींस, बेल्जियम और कोलंबिया–से आए 16 विदेशी प्रतिनिधियों ने, अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम के तहत, मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। सभी दो सौ 43 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना 14 नवम्बर को होगी और चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे दो हजार छह सौ से अधिक उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। धर्मेंद्र राय के साथ, दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, पटना।

इधर, दूसरे चरण में कटिहार जिले में सबसे अधिक उनासी दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, किशनगंज में अठहत्तर दशमलव एक छह प्रतिशत और पूर्णिया में छिहत्तर दशमलव चार पांच प्रतिशत वोट डाले गये। इसके अलावा सुपौल, पूर्वी चम्पारण और बांका जिले में भी सत्तर प्रतिशत से अधिक मत पड़े। सबसे कम नवादा में सत्तावन दशमलव आठ छह प्रतिशत मतदान हुआ। हांलाकि ये आंकड़ा पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है।

———————————————————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उन्नीस सौ सैंतालीस में आकाशवाणी के स्टूडियो में पहली और अंतिम

बार आने की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपिता ने सतहत्तर वर्ष पहले आकाशवाणी से अपने संबोधन में कहा था कि ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से उनका प्रयास है कि लोगों तक अपनी बात पहुंचा सके। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

मैं रेडियों से बोलू आपके लिए और आपके सामने तो अच्छा होगा जब पीछे जा सकता हूं तो जाऊ तो मैं तो आपके पास आने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ भी हिंदुस्तान की सेवा की है या तो कहूं तो जगत की क्योंकि मेरे पास हिन्दूस्तान और जगत कोई अनोखी चीज नहीं है। अगर हिंदुस्तान की सेवा करता हूं तो उससे मार्फत भी सारे जगत की सेवा करना यह मेरे जीवनभर का मंत्र है।

प्रसारण के इतिहास में आज का दिन एक ऐसा ऐतिहासिक दिवस है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1947 में दिल्ली स्थित प्रसारण भवन का पहला और एकमात्र दौरा किया था। गांधी जी ने दीपावली पर एक विशेष प्रसारण के माध्यम से पाकिस्तान में विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था। मार्च 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संबोधन मन की बात के 100वें एपिसोड के अवसर पर आकाशवाणी ने उसी स्टूडियो को बापू स्टूडियो के रूप में लोकार्पित किया। लोक सेवा प्रसारण दिवस, प्रसारकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों और शिक्षाओं को देश के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। नितिका के साथ, आदर्श आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान मौसम के रूख में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

–––बाईट–––

---

पूरा देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष का उत्सव मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों के कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना से गौरवान्वित होने के लिए प्रेरित किया। प्रस्तुत है वंदे मातरम के सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण राग देश पर एक रिपोर्ट...

–––बाईट–––

वंदे मातरम की राजसी धुन देशभक्ति की गहराईयों को प्रतिध्वनित करते हुए, राग देश में बुनी गई है। वंदे मातरम का सबसे लोकप्रिय और मान्यता प्राप्त संस्करण राग देश में आधारित है। इसके आरोह में पाँच स्वर और अवरोह में सभी सात स्वरों का उपयोग किया गया है। इसकी संरचना वीर रस और श्रृंगार रस दोनों को व्यक्त करती है, जो इसे एक देशभक्ति गान के लिए उपयुक्त बनाती है। महान शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी ने राग देश में उनके भाव–विभोर कर देने वाले गायन ने भक्ति की ऐसी ज्वाला प्रज्वलित की कि मानो मातृभूमि का सार हर सुर, हर वाक्य और हर ताल में समा गया हो। वंदे मातरम की सबसे प्रारंभिक धुनों में से एक विष्णु पर घराने के प्रसिद्ध ध्रुपद वादक जदुनाथ भट्टाचार्य ने राग काफियों त्रिताल में रची थी। वंदे मातरम की अनगिनत धुनें और रचनाएँ हमारी समृद्ध और विविध संगीत विरासत का अभिन्न अंग हैं। शिवांग और सौम्या की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

---

मुंगेर जिले के तारापुर दियारा के झरकहवा में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनीगन फैक्ट्री का उदभेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. चौदह नवम्बर को होने वाली मतगणना के लिए सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम। राज्यभर में छियालीस स्थानों पर बनाये गये मतगणना केन्द्र।

02 एनडीए तथा महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।

03. विधानसभा चुनाव में इस बार पुरूषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। इकहत्तर दशमलव छह प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग।

04. और, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो पर ऐतिहासिक संबोधन की याद में आज मनाया जा रहा है लोक सेवा प्रसारण दिवस।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।